राजा मानसिंह तोमर
संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर, मध्यप्रदेश

Raja Mansingh Tomar
Music and Arts University
Gwalior, Madhya Pradesh

क्रमांक / 281 / प्रवेश / रा.मा.तो.वि.वि / 2026, ग्वालियर                    दिनांक 24/8/2026

प्रति,

प्राचार्य / प्रभारी
समस्त संबद्ध संगीत एवं कला महाविद्यालय

समस्त विभागाध्यक्ष,
अध्ययनशाला, रा.मा.तो.वि.वि. ग्वालियर

विषय :– सत्र 2026–27 में नवीन प्रवेशित नियमित विद्यार्थियों के नामांकन आवेदन बावत्।

उपरोक्त विषयांतगंत सत्र 2026–27 में विश्वविद्यालय अध्ययनशाला एवं समस्त संबद्ध महाविद्यालयों में नवीन पंजीकृत नियमित विद्यार्थियों के नामांकन / नामांकन नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से नामांकन हेतु निर्धारित शुल्क राशि रूपये 250/– (दो सौ पचास मात्र) एवं नामांकन नवीनीकरण हेतु पोर्टल शुल्क राशि रूपये 50/–(पचास मात्र) सहित **दिनांक 20.08.2026 से 07.09.2026 तक आमंत्रित किये जा रहे हैं।**

**कृपया समस्त विभागाध्यक्ष एवं महाविद्यालय प्राचार्य विद्यार्थियों के नामांकन आवेदन पत्रों की प्रमाणित छाया प्रतियाँ संलग्न दिशा निर्देशों के आधार पर समस्त आवश्यक प्रपत्रों सहित (हार्ड कॉपी) दिनांक 10.09.2026 तक विश्वविद्यालय की प्रवेश शाखा की ओर आवश्यक रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।**

संलग्न :– नामांकन आवेदन संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश।

प्रवेश शाखा प्रभारी

क्रमांक / ............ / प्रवेश / रा.मा.तो.वि.वि / 2026, ग्वालियर,                    दिनांक............

प्रतिलिपि :–

1. मान्. कुलगुरू जी रामातोविवि ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
2. श्रीमान् कुलसचिव महोदय, रामातोविवि ग्वा. की ओर सूचनार्थ।
3. परीक्षा प्रभारी, रामातोविवि, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
4. प्रभारी, पी.आर.ओ. रामातोविवि ग्वा. की ओर सूचनार्थ।
5. एम.पी.ऑनलाइन पोर्टल को आवश्यक कार्यवायी हेतु।
6. वेबसाइट पर अपलोड प्रति।
7. सूचना पटल चस्पा प्रति।
8 संबंधित नस्ति प्रति।

प्रवेश शाखा प्रभारी

स्वरांग परिसर, मेडम रोड, नाका चन्द्रवदनी चौराहा ग्वालियर (म.प्र.) 0751–4000864
E-mail id:-rmt.academiccell@gmail.com

Scanned with OKEN Scanner

राजा मानसिंह तोमर
संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर, मध्यप्रदेश

Raja Mansingh Tomar
Music and Arts University
Gwalior, Madhya Pradesh

## /नामांकन आवेदन संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश/

1. समस्त प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित विद्यार्थी जिनके पास पूर्व में विश्वविद्यालय द्वारा जारी नामांकन है ऐसे विद्यार्थियों को नामांकन मात्र पोर्टल शुल्क के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। ऐसे विद्यार्थी जिनके पास पूर्व में नामांकन नही है, वे निर्धारित शुल्क के साथ नवीन नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन करेंगे।
2. नामांकन आवेदन विश्वविद्यालय की ओर जाँच एवं जारी करने के लिऐ प्रेषित करते समय आवेदकों से निम्न दस्तावेज आवश्यक रूप से संलग्न कर ही भेजें।
    1. जन्म तिथि प्रमाण पत्र की प्रति (हाई स्कूल अथवा हायर सेकेण्ड्री की अंकसूची)
    2. प्रवजन (माइग्रेशन सर्टिफिकेट) प्रमाण–पत्र की मूलप्रति (यदि विद्यार्थी ने स्नातक स्तर/हायर सैकेण्डरी की परीक्षा अन्य विश्वविद्यालय/स्कूल से उत्तीर्ण की है)।
    3. गैप सर्टिफिकेट की मूलप्रति (अगर आवेदक की अंतिम कक्षा उत्तीर्ण तथा वर्तमान प्रवेश के मध्य कोई अन्तराल हो)।
    4. छः वर्षीय संगीत एवं नृत्य प्रमाण पत्र (यादि आवेदक ने संगीत/नृत्य संकाय के स्नातकोत्तर में अन्य संकाय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रवेश लिया है, तो विश्वविद्यालय की जारी अधिसूचना अनुसार मान्य बोर्ड/संस्था/विश्वविद्यालय से छः वर्षीय प्रमाण पत्र) अथवा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण।
    5. विद्यार्थी द्वारा दो पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने हेतु शपथ पत्र, प्रवेशित विद्यार्थी के पाठ्यक्रम एक ही शहर में संचालित किए जाने संबंध में महाविद्यालय का प्रमाण पत्र, विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय द्वारा प्रदाय प्रवेशित विद्यार्थी का दोनों पाठ्यक्रमों प्रमाणित समय सारिणी। (एक ही शैक्षणिक सत्र में दो विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों से एक साथ दो पाठ्यक्रमों में प्रवेश की स्थिति में)
    6. उक्त समस्त दस्तावेज महाविद्यालय प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष द्वारा प्रामाणित किए जावे।

कृपया समस्त प्राचार्य/विभागाध्यक्ष नामांकन आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की ओर प्रेषित करने से पूर्व उपरोक्त दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में आवेदक का नामांकन आवेदन स्वीकार नही किया जा सकेंगा, जिसका समस्त उत्तरदयित्व संबंधित महाविद्यालय/विभागाध्यक्ष का होगा।

प्रवेश शाखा प्रभारी

स्वरांग परिसर, मीडा रोड़, नाका चन्द्रवदनी चौराहा ग्वालियर (म.प्र.) 0751–4000864
E-mail id:-rmt.academiccell@gmail.com

Scanned with OKEN Scanner